# डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

## (पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

(Accredited Grade A+ by NAAC)

पत्रांकः COE/ 281 /2025 दिनांकः 12-08-2025

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

महोदय / महोदया,

अवगत कराना है कि वर्ष 2025 की स्नातक एवं परास्नातक सेमेस्टर पाठ्यक्रमों की अंकतालिकाओं / उपाधियों का वितरण निम्न कार्यक्रमानुसार किया जाना निर्धारित किया गया है :–

| क0सं0 | दिनांक | अंकतालिका वितरण स्थल | उपाधि वितरण स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | 13.08.2025 से 14.08.2025 | विश्वविद्यालय, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस परिसर (छलेसर), आगरा | विश्वविद्यालय, पालीवाल परिसर, आगरा |

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि उपरोक्तानुसार अंकतालिकाओं को प्राप्त करने हेतु अपने महाविद्यालय के किसी शिक्षक / कर्मचारी को प्राधिकार पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य पहचान पत्र के साथ भेजने का कष्ट करें, जिससे उपरोक्त अंकतालिकाओं का वितरण कार्य पूर्ण किया जा सके।

**आवश्यक नोटः– संज्ञान में आया है कि कुछ कतिपय महाविद्यालयों द्वारा अंकतालिकाऐं / उपाधि प्राप्त करने में शिथिलता बरती जा रही है, और छात्रों को अंकतालिका / उपाधि प्राप्त करने हेतु अनावश्यक रूप से विश्वविद्यालय में भेज दिया जाता है, जिससे छात्र / छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड रह है। अतः जिन महाविद्यालयों द्वारा उपरोक्तानुसार अंकतालिका / उपाधि प्राप्त नहीं की जाती है तो ऐसे सभी महाविद्यालयों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।**

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. उपकुलसचिव परीक्षा।
2. सहायक कुलसचिव (परीक्षा) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अपनी देख–रेख में अंकतालिकाओं का वितरण कराना सुनिश्चित करें।
3. प्रभारी, कुलपति कार्यालय को माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
5. जन सम्पर्क अधिकारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को छात्रहित में निःशुल्क समस्त समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
6. प्रभारी वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. अधिकृत एजेन्सी 2025 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों की लॉगइन आई0डी0 पर तत्काल अपलोड करें।
8. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक